उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक /Ref. No.: 37 दिनांक /Date.: 26-5-2021

संवाद संख्या–118

विषयः– पावर ट्रॉंसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लिमिटेड के अन्तर्गत अवर अभियन्ता (विद्युत एवं यांत्रिक) (प्रशिक्षु) (पद कोड–52.1R) एवं उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लिमिटेड के अन्तर्गत अवर अभियन्ता (विद्युत एवं यांत्रिक) (प्रशिक्षु) (पद कोड–52.2R) के पदों का लिखित परीक्षा का परिणाम जारी किए जाने के सम्बन्ध में।

प्रिय अभ्यर्थियों,

अवगत कराना है कि उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के द्वारा **पावर ट्रॉंसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लिमिटेड के अन्तर्गत अवर अभियन्ता (विद्युत एवं यांत्रिक) (प्रशिक्षु) (पद कोड–52.1R)** एवं **उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लिमिटेड के अन्तर्गत अवर अभियन्ता (विद्युत एवं यांत्रिक) (प्रशिक्षु) (पद कोड–52.2R)** के पदों पर भर्ती हेतु जारी विज्ञप्ति की दिनांक 10–01–2021 को लिखित प्रतियोगी परीक्षा आयोजित की गई।

उक्त आयोजित परीक्षा के संदर्भ में मा0 उच्च न्यायालय उत्तराखण्ड नैनीताल में योजित याचिका संख्या–59/2021(एस/एस) सतेन्द्र सिंह नेगी बनाम उत्तराखण्ड राज्य व अन्य में मा0 न्यायालय द्वारा दिनांक 14.01.2021 को पारित आदेश के अनुपालन में लिखित परीक्षा के आधार पर **पावर ट्रांसमिशन कार्पोरेशन लिमि0 अवर अभियन्ता (विद्युत एवं यांत्रिक) (प्रशिक्षु) (पद कोड–52.1R) के 50 पदों** पर एवं **उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन** लिमिटेड के **अवर अभियन्ता (विद्युत एवं यांत्रिक) (प्रशिक्षु) (पद कोड–52.1R)** के 100 पदों पर अर्थात् कुल 150 पदों पर अभिलेख सत्यापन हेतु औपबन्धिक श्रेष्ठता सूचियाँ आयोग की वेबसाइट www.sssc.uk.gov.in पर अपलोड की गई हैं।

अतः उपरोक्तानुसार वर्तमान में केवल लिखित परीक्षा का परिणाम जारी किया गया है। **अवर अभियन्ता (विद्युत एवं यांत्रिक) (प्रशिक्षु) (पद कोड–52.1R) तथा (पद कोड–52.2R)** दोनों के लिए अभिलेख सत्यापन का कार्यक्रम पदोन्नति वाले सवंर्ग के चयन की प्रगति तथा कोविड संक्रमण से संबंधित प्रतिबन्धों के अनुकूल होने के उपरान्त यथा समय आयोग की वेबसाइट पर सूचित/प्रकाशित किया जायेगा।

आयोग की ओर से,

(सन्तोष बडोनी)
सचिव

Scanned by CamScanner